"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 41] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 7 अक्टूबर 2016—आश्विन 15, शक 1938

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2016

क्रमांक ई-1-1-2016/1/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, भा.प्र.से. (2012) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, सिरपुर, जिला महासमुन्द का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

नया रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2016

क्रमांक ई-1-13/2016/2.—श्री सुब्रत साहू, भा.प्र.से. (1992) को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रमुख सचिव वेतनमान [HAG 67000- (annual increment @ 3%)-79000/-] में पदोन्नत किया जाता है तथा उन्हें अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, छ.ग. का अति. प्रभार भी सौंपा जाता है.

2. इस विभाग के पत्र क्र. ई-1-13/2016/2, दिनांक 14-07-2016 द्वारा भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली को प्रमुख सचिव वेतनमान में रिक्ति निर्धारण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है. भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2007 के नियम-3 (2) (iii) के तहत 30 दिवस के भीतर सरकार की सहमति प्राप्त न होने के कारण भारत सरकार की सहमति मानी गई है.

नया रायपुर, दिनांक 19 सितम्बर 2016

क्रमांक एफ-9-21/2016/1-8/1-5.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्रीमती बी.व्ही. उमादेवी (भा.व.से.-1987), आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली की सेवाएं वन विभाग को सौंपते हुए अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त् अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्यालय, अरण्य भवन, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

2. श्री सुधीर कुमार अग्रवाल (भा.व.से.-1988), सचिव, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त् अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

3. श्री संजय कुमार ओझा (भा.व.से.-1989), संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त् आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली के पद पर पदस्थ करता है.

नया रायपुर, दिनांक 20 सितम्बर 2016

क्रमांक ई-1-1-2016/1/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ईमिल लकड़ा, (भा.प्र.से.-2004), संयुक्त सचिव, वन तथा सामान्य प्रशासन विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त् आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है.

श्री ईमिल लकड़ा, (भा.प्र.से.-2004), द्वारा आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम, रायपुर का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से श्री राजेश सुकुमार टोप्पो, (भा.प्र.से.-2005), संचालक, जनसंपर्क, आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम, रायपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद केवल आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम, रायपुर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे. शेष प्रभार यथावत् रहेगा.

2. श्री ए. कुलभूषण टोप्पो, (भा.प्र.से.-2004), संयुक्त सचिव, गृह विभाग तथा संचालक, संपदा को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त् संयुक्त सचिव, वन तथा सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पदस्थ करता है.

3. श्री विजय कुमार धुर्वे, (भा.प्र.से.-2004), संयुक्त सचिव, गृह, जेल एवं परिवहन विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त् अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ संचालक, संपदा का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 11 अगस्त 2016

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना

क्रमांक एफ 3-5/20-दो/2016.—राज्य शासन एतद्द्वारा निम्नानुसार मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के नियम अधिसूचित करता है.

मानव विकास में शिक्षा का सर्वोत्तम योगदान है, शिक्षा की महत्ता अतुलनीय है, शिक्षा के बिना न मानव, न राष्ट्र, न ही विश्व विकास कर सकता है. मानव को शिक्षित कर सुसंस्कृत एवं सभ्य बनाने का कार्य शिक्षक द्वारा ही किया जाता है. इसीलिए भारत में शिक्षकों का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा बताया गया है. अत: यह आवश्यक है कि इस महान कार्य में समर्पित शिक्षकों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाय, इससे शिक्षक का मनोबल बढ़ेगा और वे उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य हेतु तत्पर होंगे. शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण अंतर्गत "शिक्षादूत", "ज्ञानदीप" एवं "शिक्षा श्री" नामक पुरस्कार दिया जायेगा. पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षकीय कार्य में असाधारण एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित करना है. पुरस्कार देने के संबंध में शासन निम्न नियम बनाता है :—

1. **शीर्षक एवं विस्तार.—**

(i) **संक्षिप्त नाम :—** इस नियम का संक्षिप्त नाम "उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पुरस्कार नियम 2016" होगा. ये नियम प्रकाशन तिथि से प्रभावशील होंगे.

(ii) **पुरस्कार का स्वरूप :—** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण अन्तर्गत निम्न पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे :—

(a) विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार—विकासखण्ड "शिक्षादूत" पुरस्कार कहलायेगा.

(b) जिला स्तरीय पुरस्कार—जिला स्तरीय "ज्ञानदीप" पुरस्कार कहलायेगा.

(c) संभाग स्तरीय पुरस्कार—संभाग स्तरीय "शिक्षा श्री" पुरस्कार कहलायेगा.

(iii) **पुरस्कार हेतु निर्धारित सीमाक्षेत्र एवं शिक्षक संवर्ग :—** किस पुरस्कार हेतु किस क्षेत्र के शिक्षक एवं किस संवर्ग के शिक्षक पात्र होंगे इसके लिए निम्न निर्धारित किया जाता है :—

(a) "शिक्षादूत" पुरस्कार विकासखण्ड स्तर का पुरस्कार है, जिसमें प्राथमिक शाला (कक्षा 1 ली से 5वीं कक्षा तक) में अध्यापन कराने वाले शिक्षक ही पात्र होंगे, चाहे वे किसी भी पदनाम से जाने जाते हों.

(b) "ज्ञानदीप" पुरस्कार जिला स्तर का पुरस्कार है, जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला (कक्षा 6वीं से 8वीं कक्षा तक) में अध्यापन कराने वाले शिक्षक ही पात्र होंगे, चाहे वे किसी भी पदनाम से जाने जाते हों.

(c) "शिक्षा श्री" पुरस्कार राजस्व संभाग स्तर का पुरस्कार है, जिसमें हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल (कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक) में अध्यापन कराने वाले शिक्षक ही पात्र होंगे, चाहे वे किसी भी पदनाम से जाने जाते हों.

2. **परिभाषायें/व्याख्यायें.—**

(i) "शिक्षक" से तात्पर्य शासकीय शालाओं में कक्षा 1ली से 12वीं तक पढ़ाने वाले शिक्षक से है.

(ii) "उत्कृष्ट कार्य" से तात्पर्य शिक्षक द्वारा सम्पादित ऐसा पढ़ाने का कार्य जो सर्वश्रेष्ठ व असाधारण हो.

(iii) "शिक्षादूत" से तात्पर्य विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक को दिये जाने वाले "शिक्षा दूत" पुरस्कार से है.

(iv) "ज्ञानदीप" से तात्पर्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक को दिये जाने वाले "ज्ञानदीप" पुरस्कार से है.

(v) "शिक्षा श्री" से तात्पर्य राजस्व संभाग स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक को दिये जाने वाले "शिक्षा श्री" पुरस्कार से है.

(vi) "अनुशासनात्मक अधिकारी" से तात्पर्य उस अधिकारी/समिति से है जो शिक्षक को नियुक्त करने की उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु सक्षम हो.

(vii) "नियंत्रणकर्ता अधिकारी" वह होगा जिसके सीधे नियंत्रण में शिक्षक कार्य करता हो. (जैसे प्रधान पाठक/प्राचार्य आदि)

3. ये नियम शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं के उन शिक्षकों को लागू होंगे जो शाला में छात्र-छात्राओं को अध्यापन कराते हों.

4. **उत्कृष्ट शिक्षक चयन हेतु समितियां.—** उत्कृष्ट शिक्षकों के चयन हेतु निम्न समितियां होंगी :—

A. **पुरस्कारों हेतु संकुल स्तरीय प्रस्तावक समिति :—** प्रत्येक संकुल में एक समिति होगी जिसका गठन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जावेगा जिसमें निम्नानुसार सदस्य होंगे :—

(1)	हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल का प्राचार्य	—	अध्यक्ष
(2)	सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी	—	उपाध्यक्ष
(3)	विकासखण्ड स्रोत केन्द्र समन्वयक (बी.आर.सी.सी.)	—	सदस्य सचिव
(4)	व्याख्याता/व्याख्याता (पंचायत)	—	सदस्य
(5)	प्रधानपाठक (पूर्व माध्यमिक शाला)	—	सदस्य
(6)	संकुल स्रोत केन्द्र समन्वयक (सी.आर.सी.सी.)	—	सदस्य
(7)	शिक्षक/शिक्षक (पंचायत)	—	सदस्य
(8)	प्रधानपाठक (प्राथमिक शाला)	—	सदस्य
(9)	सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक (पंचायत)	—	सदस्य

उक्त समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति हेतु पात्रता की शर्तें निम्न होगी :—

(i) अध्यक्ष एवं सदस्यों का शैक्षणिक अनुभव कम से कम 10 वर्ष होना चाहिए साथ ही उस संकुल में कम से कम 01 वर्ष से निरंतर कार्यरत हों.

(ii) अध्यक्ष/सदस्य के विरुद्ध कोई कोर्ट प्रकरण, विभागीय जाँच प्रचलित न हो.

(iii) इन्हें कोर्ट अथवा विभाग ने कभी कोई दंड से दंडित न किया हो.

(iv) इनका आचरण अच्छा हो, कोई अशोभनीय कृत्य संबंधी प्रकरण विचाराधीन न हो.

(v) शिक्षकीय कर्तव्यों का निर्वहन हेतु समर्पित हों.

(vi) अध्यापन कराने में कुशल हो.

B. **''शिक्षादूत'' पुरस्कार हेतु विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति :—** इस समिति का गठन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा. इस समिति में निम्न सदस्य होंगे :—

(i)	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी	—	अध्यक्ष
(ii)	प्राचार्य हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल	—	सदस्य
(iii)	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का सचिव, एक सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी.	—	सदस्य
(iv)	विकासखण्ड स्रोत केन्द्र समन्वयक (बी.आर.सी.सी.)	—	सदस्य
(v)	व्याख्याता/व्याख्याता (पंचायत)	—	सदस्य
(vi)	पूर्व माध्यमिक शाला का एक प्रधानपाठक	—	सदस्य
(vii)	प्रधान पाठक प्राथ. शाला	—	सदस्य

C. **''ज्ञानदीप'' पुरस्कार हेतु जिला स्तरीय चयन समिति :—** इस समिति का गठन आयुक्त राजस्व संभाग द्वारा किया जायेगा. इस समिति में निम्न सदस्य होंगे :—

(i)	जिला कलेक्टर	—	अध्यक्ष
(ii)	डिप्टी कलेक्टर	—	उपाध्यक्ष
(iii)	जिला शिक्षा अधिकारी	—	सदस्य सचिव
(iv)	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी	—	सदस्य
(v)	डाइट का प्राचार्य या जिले का वरिष्ठ प्राचार्य	—	सदस्य
(vi)	सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय	—	सदस्य
(vii)	एक सेवानिवृत्त शिक्षक या शासकीय अधि./कर्मचारी जो शिक्षा के क्षेत्र में रूचि रखता हो.	—	सदस्य

D. **''शिक्षा श्री'' पुरस्कार हेतु संभाग स्तरीय चयन समिति :—** इस समिति का गठन छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा. इस समिति में निम्न सदस्य होंगे :—

(i)	संभागीय आयुक्त (राजस्व)	—	अध्यक्ष
(ii)	संभागीय उपायुक्त/सहायक आयुक्त	—	उपाध्यक्ष
(iii)	संभागीय मुख्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी	—	सदस्य

(iv)	डाइट का प्राचार्य	—	सदस्य सचिव
(v)	प्राचार्य हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल	—	सदस्य
(vi)	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी	—	सदस्य
(vii)	एक शिक्षाविद् जो शिक्षा के क्षेत्र में अभिरूचि रखता हो	—	सदस्य

E. **समितियों का कार्य :—**

(a) **संकुल स्तरीय प्रस्तावक समिति का कार्य :—**

(i) यह समिति अतिमहत्वपूर्ण समिति है, इसके प्रस्ताव पर ही विचारोपरांत पुरस्कार दिये जायेंगे अस्तु इस समिति के द्वारा जमीनी स्तर पर विचार कर सर्वाधिक उपयुक्त शिक्षकों का चिन्हांकन किया जायेगा तथा प्रस्ताव विकासखण्ड/जिला/संभाग को प्रेषित किया जायेगा.

(ii) प्रत्येक संकुल से शिक्षादूत पुरस्कार हेतु प्राथमिक शाला के 01 शिक्षक का चिन्हांकन किया जायेगा. चिन्हांकन पश्चात् सम्पूर्ण विवरण सहित प्रस्ताव विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा.

(iii) प्रत्येक संकुल से "ज्ञानदीप पुरस्कार" हेतु 01 पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक का चिन्हांकन किया जायेगा चिन्हांकन पश्चात् प्रस्ताव जिला कलेक्टर को प्रेषित किया जायेगा.

(iv) प्रत्येक संकुल से शिक्षा श्री पुरस्कार हेतु हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी के 01 व्याख्याता/व्याख्याता (पंचायत) का चिन्हांकन किया जायेगा, चिन्हांकन पश्चात् संभागीय आयुक्त को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा.

(b) **विकासखण्ड/जिला/संभाग स्तरीय मूल्यांकन समितियों का कार्य :—**विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तरीय गठित समितियों में संकुलों द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर उत्कृष्ट शिक्षक का चयन संबंधित पुरस्कार हेतु किया जायेगा. प्रत्येक स्तर (विकासखण्ड, जिला एवं संभाग) पर 03-03 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन होगा जिन्हें शिक्षक दिवस के दिन सम्मानित किया जायेगा. यहां स्पष्ट किया जाता है कि सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक (पंचायत) के लिए विकासखण्ड स्तरीय "शिक्षा दूत" पुरस्कार दिया जाना है, जिला स्तर में शिक्षक/शिक्षक (पंचायत) को "ज्ञानदीप" पुरस्कार दिया जाना है तथा संभाग स्तर पर व्याख्याता/व्याख्याता (पंचायत) को "शिक्षा श्री" पुरस्कार दिया जाना है.

(c) **समितियों का कार्यकाल :—**सभी समितियों का कार्यकाल 03 वर्ष रहेगा, किसी कारण से समिति का पद रिक्त होने पर शेष अवधि के लिए समिति गठन हेतु सक्षम अधिकारी पद की पूर्ति कर सकेगा.

5. **शिक्षक के कार्यों का मूल्यांकन :—** इन पुरस्कारों का मूल उद्देश्य उत्कृष्ट शिक्षकों को चिन्हांकित कर पुरस्कृत करना है जिसके लिए आवश्यक है कि शिक्षकों के ऐसे कार्यों को देखा जाये जिससे वास्तव में शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाला ही पुरस्कृत हो शिक्षा के मूल कार्य न करे या कम करे एवं अन्य कार्य ज्यादा करे ऐसे शिक्षक का चयन उचित नहीं है. अस्तु वास्तव में शिक्षा के कार्यों (बच्चों के अध्यापन) में सर्वाधिक समर्पित रहे हों, उसके कार्यों से उसका समर्पण, कार्य की उत्कृष्टता प्रमाणित हो तो ऐसे शिक्षक पर विचार किया जायेगा. शिक्षकों का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जायेगा :—

A. **अनिवार्य शर्तें :—**

(1) शिक्षक का निरंतर अध्यापन अनुभव कम से कम 10 वर्ष हो.

(2) शिक्षक निर्विवाद हो, इसके विरुद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच न चल रही हो.

(3) शिक्षक को किसी न्यायालय एवं विभागीय अधिकारी द्वारा सजा न दी गई हो न ही इनके विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन हो.

(4) अनुशासनात्मक अधिकारी के पास भी इनके विरुद्ध विभागीय जांच करने हेतु प्रकरण विचाराधीन न हो.

(5) नियंत्रणकर्ता अधिकारी की दृष्टि में वह उपयुक्त शिक्षक हो.

(6) शाला लगने के दिनों में से 80% या इससे अधिक दिनों तक केवल बच्चों को पढ़ाया/लिखाया अथवा शिक्षण कार्य कराया हो.

(7) शासकीय नियम अनुसार कर्तव्य स्तर से 08 कि.मी. की परिधि में निवासरत हो.

(8) एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित 7 दिवसीय अथवा अधिक दिवसीय प्रशिक्षणों में 03 वर्ष में कम से कम 01 प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त किया हो.

B. **शिक्षकीय कार्य :—** बिन्दु A अनुसार जब शिक्षक उपयुक्त पाया जावे तो शिक्षक के कार्यों का मूल्यांकन निम्न बिन्दुओं पर किया जायेगा :—

(i) **शिक्षक के स्वयं के कार्य :—**

स. क्र.	कार्य का नाम	प्रत्येक बिन्दु पर प्रस्तावक समिति की तथ्यात्मक टीप	प्रमाण (प्रस्तावक समिति द्वारा दिया जायेगा)	मूल्यांकन समिति का अभिमत	प्राप्तांक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
A.	**कक्षा अध्यापन की तैयारी :—**				
1.	पोषक क्षेत्र/गांव/शाला के बच्चों का अपने शाला में प्रवेश/दर्ज कराना.				
2.	शाला त्याग दर कम से कम/शून्य करना.				
3.	शिक्षक द्वारा पाठ्य योजना बनाया जाता है तो विवरण.				
4.	शिक्षक द्वारा टी.एल.एम. बनाया गया हो तो विवरण.				
B.	**अध्यापन कार्य :—**				
1.	शिक्षक के कालखण्ड में बच्चों का अनुशासन.				
2.	शिक्षक की विषय/विषय वस्तु को समझाने में कुशलता.				
3.	शिक्षक द्वारा विषय/विषय वस्तु का लिखाया जाना एवं अभ्यास कराया जाना.				
4.	पढ़ाने में जिस तरीके का उपयोग करता है वह कारगर है या नहीं. पढ़ाने का तरीका (अधिगम सामग्री, उदाहरण या ऐसा तरीका जिससे बच्चे अच्छी तरह से समझ जाते हैं.)				
5.	शिक्षक के पढ़ाने में बच्चे क्रियाशील रहते हैं ? उनसे प्रश्न पूछा जाता है ? या क्रियाशील रखने का तरीका.				
6.	शिक्षक द्वारा बच्चों से पाठ/विषय वस्तु को बोलकर पढ़वाया जाता है.				
7.	शिक्षक द्वारा विषय वस्तु को लिखाया जाता है एवं जांच की जाती है.				
8.	शिक्षक होम वर्क देता है एवं इसके जांच भी की जाती है.				
9.	शिक्षक अपने कालखण्ड में बच्चों को विषयवस्तु लिखने को कहता है एवं उसके द्वारा लिखावट की जांच की जाती है.				
10.	शिक्षक द्वारा कोर्स कब पूरा किया गया.				
C.	**छात्र मूल्यांकन :—**				
1.	शिक्षक द्वारा सी.सी.ई./इकाई मूल्यांकन किया जाता है.				

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2.	शिक्षक द्वारा सी.सी.ई./इकाई मूल्यांकन करने के परिणाम स्वरूप कितने-कितने बच्चे किस ग्रेड/श्रेणी में आये. प्रत्येक मूल्यांकन का विवरण दिया जावे.				
3.	शिक्षक द्वारा मासिक परीक्षा ली जाती है, तो मासिक परीक्षा का परीक्षाफल/प्रत्येक मास का परीक्षाफल का विवरण दें.				
4.	शिक्षक के त्रैमासिक परीक्षा का परीक्षाफल.				
5.	शिक्षक के विषय की अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल.				
6.	शिक्षक के विषयों का वार्षिक परीक्षाफल.				
D.	**छात्रों में अध्यापन का परिणाम :—**				
1.	बच्चों की समस्या जैसे शब्द की पहचान न होना, उच्चारण न कर पाना, पाठ न पढ़ पाना, पाठ न समझ पाना, शब्द न लिख पाना, पाठ या अंश को न लिख पाना विषय का न समझना, विषय वस्तु को नहीं लिख पाना आदि के लिए शिक्षक द्वारा किये गये प्रयास.				
2.	शिक्षक द्वारा पढ़ाये गये विषय पर बच्चों का न्यूनतम अधिगम स्तर (एम.एल.एल.)				
E.	**शिक्षक की उपलब्धि :—**				
1.	शिक्षक के कक्षा अध्यापन में उल्लेखनीय कार्य/सफलता.				
2.	शिक्षक द्वारा किया गया नवाचार.				
3.	शिक्षक का असाधारण कार्य/योगदान उपलब्धि का विवरण.				
4.	शिक्षक के विषय में बच्चों की कोई उपलब्धि (भारत विज्ञान/इंस्पायर आदि में)				
F.	**शिक्षक का आचरण :—**				
1.	शिक्षक का शाला में समय पर आना.				
2.	शिक्षक के आचरण पर टीप.				
3.	अध्यापन/शिक्षकीय कार्य में शिक्षक का समर्पण.				
G.	**अन्य :—**				
1.	शिक्षक द्वारा कमजोर बच्चों को अतिरिक्त समय देकर पढ़ाना.				
2.	अभिव्यक्ति के कालखण्ड में शिक्षक का योगदान.				

(ii) **शालेय गतिविधियों में शिक्षक का योगदान :—**

स. क्र.	शिक्षक द्वारा सम्पादित कार्य का नाम	प्रत्येक बिन्दु पर प्रस्तावक समिति की तथ्यात्मक टीप	प्रमाण (प्रस्तावक समिति द्वारा दिया जायेगा)	मूल्यांकन समिति का अभिमत एवं प्रदत्त अधिभार/ अंक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
(1)	शाला भवन, परिसर को साफ-सुथरा बनाने में शिक्षक की भूमिका.			
(2)	शाला परिसर को स्वास्थ्यवर्धक/हराभरा बनाने में शिक्षक की भूमिका.			
(3)	शाला भवन संसाधन जुटाने में शिक्षक की भूमिका (शासकीय राशि को छोड़कर)			
(4)	शाला की अहाता/घेरा या ऐसे ही किसी कार्य से शाला को अतिसुरक्षित बनाने में भूमिका.			
(5)	शालेय अभिलेख बनाने में भूमिका			
(6)	शाला प्रबंधन में योगदान			
(7)	ग्राम सभा आयोजन में योगदान			
(8)	सांस्कृतिक/राष्ट्रीय पर्व आदि में योगदान			
(9)	विभिन्न शालेय आयोजन, सेमीनार, विज्ञान व अन्य अवार्ड में भूमिका.			
(10)	**शासकीय योजना में योगदान —** • नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण • नि:शुल्क गणवेश वितरण • नि:शुल्क सायकल वितरण • स्वास्थ्य परीक्षण • वृक्षारोपण • आई.सी.टी. • समावेशी शिक्षा • छात्रवृत्ति • पुस्तकालय योजना • कम्प्यूटर समर्थित शिक्षा			
(11)	**विविध कार्य :—** • बच्चों ने खेलकूद में विशेष उपलब्धि हासिल की है उसमें शिक्षक का योगदान. • एन.सी.सी., कब-बुलबुल, स्काउट, गाइड, रेंजर, रोवर में योगदान.			
(12)	शिक्षक द्वारा ऐसा कोई कार्य जो उपरोक्त में न आया हो और वह कार्य असाधारण/सराहनीय हो का उल्लेख किया जावे.			

6. शिक्षकों का मूल्यांकन, नियम 5 के उपनियम B (i) एवं (ii) अंतर्गत किया जायेगा. B (i) अधिक महत्वपूर्ण है अत: B (i) के लिए अधिक एवं B (ii) के लिए कम अंक निर्धारित किया जावे, ताकि B (i) में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाला शिक्षक को आगे आने का अवसर मिल सके. इसके लिए B (i) एवं B (ii) में अंकों का अनुपात 75:25 रखा जावे.

7. "शिक्षादूत" पुरस्कार के लिए 5000/- रुपये एवं प्रशस्ति-पत्र, "ज्ञान दीप" पुरस्कार हेतु 7000/- रुपये एवं प्रशस्ति पत्र एवं "शिक्षा श्री" पुरस्कार हेतु 10000/- रुपये एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा. शासन द्वारा समय-समय पर आवश्यक होने पर पुरस्कार राशि में परिवर्तन किया जा सकेगा.

8. विवाद तथा अनिर्णय की स्थिति में शासन का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा.

9. इस नियम को बदलने अथवा आवश्यक संशोधन करने का अधिकार शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को रहेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. आर. साहू, अवर सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 23 सितम्बर 2016

क्रमांक एफ 1–69/दो–गृह/स्टे.गै./2014.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज तृतीय श्रेणी सेवा में भर्ती तथा सेवा की शर्तों के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.–**
   (1) ये नियम छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम, 2016 कहलायेंगे।

   (2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.–** इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–
   (क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है अनुसूची–एक के कॉलम (6) में यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी;

   (ख) "समिति" से अभिप्रेत है नियम 11 एवं 13 के अधीन क्रमशः गठित चयन समिति/विभागीय पदोन्नति समिति;

   (ग) "परीक्षा" से अभिप्रेत है इन नियमों के नियम 11 के अधीन सेवा में भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा;

   (घ) "शासन" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन;

   (ङ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ के राज्यपाल;

   (च) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है राज्य शासन द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

   (छ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

   (ज) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

   (झ) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

   (ञ) "सेवा" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज तृतीय श्रेणी सेवा;

   (ट) "राज्य" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य।

3. विस्तार तथा लागू होना.– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. सेवा का गठन.– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूल रूप से या स्थानापन्न हैसियत से धारण कर रहे हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गये हों।

5. वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.– सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या और उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची–एक में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार होंगेः

परन्तु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा वेतनमान में, समय–समय पर, या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर, वृद्धि या कमी कर सकेगा।

6. भर्ती का तरीका.–

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात्:–

(क) प्रतियोगी परीक्षा अथवा मेरिट के आधार पर चयन के माध्यम से, सीधी भर्ती द्वारा;

(ख) सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) ऐसे व्यक्तियों, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मूल हैसियत में धारण करते हों, के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किए गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में यथा विनिर्दिष्ट कर्तव्य पदों की संख्या के, अनुसूची–दो में दर्शाये गये प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को, भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनायी जाने वाली भर्ती का तरीका या तरीके तथा ऐसे तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर शासन के परामर्श से नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी।

(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो वह, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती के उन तरीकों को छोड़ जिनको उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा, जिसे वह इस निमित्त जारी किए गये आदेश द्वारा विहित करे।

(5) मेरिट के आधार पर चयन के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए मापदण्ड, शासन द्वारा विहित किये जायेंगे। तथापि, नियुक्ति प्राधिकारी के लिये यह आवश्यक होगा कि वह इस प्रयोजन के लिये एक चयन समिति गठित करे, जो कोई अन्य युक्तिसंगत मापदण्ड शासन की सहमति से अपना सकेगी।

(6) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधान तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश (यथा संशोधित) लागू होंगे।

7. **सेवा में नियुक्ति.—** इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें.—** सीधी भर्ती/चयन हेतु पात्र होने के लिए, अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात्:—

(एक) आयु—

(क) वर्ष, जिसमें पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित होता है, की जनवरी के प्रथम दिन को अभ्यर्थी ने अनुसूची—तीन के कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो।

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों (गैर—क्रीमी—लेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, महिला अभ्यर्थियों के लिए भी, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों अथवा रह चुके हों, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए उच्चतर आयु सीमा शिथिलनीय होगी:—

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी या स्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये;

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी/अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए। यह रियायत, आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी।

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी, जो ''छंटनी किया गया शासकीय सेवक'' हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गयी संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गयी सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण— शब्द ''छंटनी किये गये शासकीय सेवक'' से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की या किन्हीं भी संघटक इकाइयों की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः माह की कालावधि तक निरंतर रहा हो और जिसे किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो।

(ड.) ऐसा अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण— शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की

कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के परिणामस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी की गई हो अथवा जिसे अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो, अर्थात्:—

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आऊट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित किया गया हो, और जिन्हें—
(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर;
(ख) नामांकन की शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो;

(तीन) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कार्मिक;

(चार) ऐसे भूतपूर्व सैनिक (सैनिक तथा असैनिक) जिन्हें उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किया गया हो, (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित हैं);

(पांच) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो;

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे अब दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(आठ) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(च) अस्पृश्यता निवारण नियम, 1984 के अधीन अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) शहीद राजीव पांडे सम्मान, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान प्राप्त अभ्यर्थियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवा अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 38 वर्ष की आयु तक शिथिलनीय होगी।

(झ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नॉन कमीशंड अधिकारियों के मामले में, उनके द्वारा इस प्रकार की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिये, उच्चतर आयु सीमा में, 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए छूट दी जायेगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ञ) अभ्यर्थी, जिन्हें उनके संवर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/विधवा/तलाकशुदा इत्यादि) के आधार पर अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अभिप्राप्त है, को अधिकतम आयु सीमा में उपलब्ध अतिरिक्त छूट यथावत मिलती रहेगी, किन्तु उपरोक्त उल्लिखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गों के अधीन छूट का लाभ प्राप्त करने के उपरांत अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ट) उपरोक्त के अतिरिक्त, आयु सीमा के संबंध में, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

टीप–

(1) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उपरोक्त नियम 8 के खण्ड (एक) के उप–खण्ड (घ) के पैरा (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन में प्रवेश दिया गया हो, यदि वे आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात्, या तो परीक्षा/चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तो वे नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे। तथापि, यदि आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् सेवा या पद से उनकी छंटनी कर दी जाती हो, तो वे पात्र बने रहेंगे।

(2) किसी भी अन्य मामले में ये आयु सीमाएं शिथिल नहीं की जायेंगी। विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिए, नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति अभिप्राप्त करनी होगी।

(दो) शैक्षणिक अर्हताएं – अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये यथा विहित ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं होना चाहिए, जैसा कि अनुसूची–तीन में दर्शित है।

(तीन) शुल्क –

(क) अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा यथा विहित शुल्क का भुगतान करना होगा।

(ख) ऐसे अभ्यर्थी, जो चिकित्सा मण्डल के समक्ष उपस्थित होने के लिये अपेक्षित किये गये हों, को स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व चिकित्सा मण्डल के अध्यक्ष को, शासन द्वारा यथा विहित शुल्क का भुगतान करना होगा।

9. निरर्हता.–

(1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्हीं भी साधनों से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा में/चयन हेतु उपस्थित होने हेतु निरर्हित माना जा सकेगा।

(2) कोई भी पुरुष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो, जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगीः

परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो शासन, ऐसे अभ्यर्थियों को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ, तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो किसी सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जायेः

परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन अस्थायी नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

(4) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी सम्यक् जांच, जैसा कि वह आवश्यक समझे, के पश्चात, यह समाधान हो जाये कि वह (अभ्यर्थी) ऐसी सेवा या पद के लिए उपयुक्त नहीं है।

(5) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा, जब तक कि उस आपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम निराकरण न कर दिया जाए।

(6) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।

(7) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद के लिए निरर्हित नहीं होगा।

10. अभ्यर्थियों की पात्रता के बारे में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.—

(1) परीक्षा/चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में, नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा और किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा शासन को चयन सूची भेजने के बाद भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है, तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

11. प्रतियोगी परीक्षा/चयन/साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती.—

(1) **प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्तीः—**

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी एक चयन समिति गठित करेगा, जिसमें तीन सदस्य सम्मिलित होंगे।

(दो) सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतरालों पर आयोजित की जायेगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी, शासन के परामर्श से, समय—समय पर अवधारित करे।

(तीन) परीक्षा, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय—समय पर जारी आदेशों के अनुसार चयन समिति द्वारा आयोजित की जायेगी।

(2) **चयन/साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती—**

(एक) सेवा में अभ्यर्थियों का चयन ऐसे अन्तरालों पर किया जायेगा, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय—समय पर अवधारित किया जाये।

(दो) अभ्यर्थियों का चयन, चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

(तीन) चयन समिति का गठन नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समुचित समय अन्तरालों पर किया जायेगा।

(3) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के उपबंध तथा उक्त अधिनियम के अधीन शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, ऐसे अभ्यर्थियों, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों, जिन्हें उनकी प्रशासनिक दक्षता को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के लिये पात्र घोषित किया गया हो, को उप–नियम (3) के अनुसार, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(6) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, 30% पदों को महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखा जायेगा। यह आरक्षण समस्तर एवं प्रभागवार होगा।

(7) ऐसे मामलों में, जहाँ सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाये कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) से संबंधित अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो नियुक्ति प्राधिकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) के अभ्यर्थियों के संबंध में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा।

(8) उपरोक्त के अतिरिक्त, निःशक्त व्यक्ति तथा भूतपूर्व सैनिक के लिये पदों को शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश के अनुसार आरक्षित रखा जायेगा।

12. समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची.–

(1) समिति, उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में व्यवस्थित एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हों जैसा कि चयन समिति द्वारा अवधारित किया जाये तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों की एक सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं है, किन्तु प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए समिति द्वारा उपयुक्त घोषित किये गये हों तथा महिला, निःशक्त व्यक्ति/भूतपूर्व सैनिक से संबंधित प्रत्येक प्रवर्ग के अभ्यर्थियों, जो आरक्षण के फलरूवरूप ऐसे स्तर से अर्हित हों, की एक सूची, मेरिट क्रम में तैयार करेगा तथा उक्त सूची की नियुक्ति हेतु वैधता, शासन को सूची के भेजे जाने की तारीख से एक वर्ष की होगी।

(2) चयन समिति उपरोक्त उल्लिखित प्रत्येक संवर्ग के लिये प्रतीक्षा सूची भी तैयार करेगी, जिसमें न्यूनतम एक नाम तथा रिक्त पदों के अधिकतम 25% तक नाम सम्मिलित होंगे। सूची की वैधता, ऐसी चयन सूची के जारी होने की तारीख से डेढ़ वर्ष की होगी।

(3) उप–नियम (1) के अधीन इस प्रकार तैयार की गई सूची सामान्य जन की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जायेगी।

(4) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जायेगा जिस क्रम में उनके नाम सूची में आये हों।

(5) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति के लिये कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(6) किसी अभ्यर्थी, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित हो, के वैधता अवधि में कार्यभार ग्रहण न करने या त्यागपत्र देने या किन्हीं कारणों से अयोग्य पाये जाने पर या वैधता अवधि के दौरान चयनित अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाने पर, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के नाम, नियुक्ति के लिये अनुशंसित किये जा सकेंगे।

13. पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.–

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए, एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्य सम्मिलित होंगेः

परन्तु इस उप–नियम के अधीन, समिति के गठन के लिए, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंध भी लागू होंगे।

(2) समिति की बैठक ऐसे अन्तरालों में होगी, जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक की न हो।

(3) पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार होगी।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया, उप–नियम (3) तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगी।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन– नियुक्ति प्राधिकारी, अपने द्वारा जारी किए जाने वाले पदोन्नति आदेश पर, इस आशय के प्रमाणपत्र का पृष्ठांकन करेगा कि उसने छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में जारी निर्देशों तथा राज्य शासन द्वारा बनाये गये नियमों का पालन किया है तथा उसने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप–धारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान लिया है।

14. पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें.–

(1) उप–नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए समिति, उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, उन पदों में, जिनसे पदोन्नति की जानी है अथवा शासन द्वारा उसके समतुल्य घोषित किन्हीं अन्य पद या पदों पर (चाहे मूल रूप में या स्थानापन्न रूप में), उतने वर्षों की सेवा, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है, पूर्ण कर ली हो तथा जो उप–नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों।

स्पष्टीकरण– पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति– संबंधित वर्ष, जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कैलेण्डर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक, फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया हो और संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं।

(2) पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के नियम 4 के अनुसार की जाएगी।

(3) (एक) ऐसे मामलों में जहां पदोन्नति, वरिष्ठता सह उपयुक्तता (सीनियारिटी कम फिटनेस) के आधार पर अथवा अनुपयुक्त अभ्यर्थी को छोड़कर वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो, वहां सभी वर्गो के लिये विचारण हेतु कोई आधार नहीं होगा। केवल लोक सेवकों की ऐसी संख्या के प्रस्तावों पर वरिष्ठता के अनुसार विचार किया जायेगा, जो कि प्रत्येक प्रवर्ग में विद्यमान पदों तथा 1 वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्त पदों की संख्या को भरने के लिए पर्याप्त होगी।

(दो) ऐसे मामलों में, जहां पदोन्नति योग्यता सह वरिष्ठता (मेरिट कम सीनियारिटी) के आधार पर की जानी हो, वहां विचारण का क्षेत्र, कुल रिक्त पदों के दो गुने से चार अधिक होगा। यदि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के शासकीय सेवकों की पर्याप्त संख्या, पदोन्नति के लिए उपलब्ध न हो, तो विचारण के क्षेत्र में कुल रिक्त पदों के 7 गुने तक वृद्धि की जा सकेगी तथा आरक्षित पदों की पूर्ति, उपरोक्त उल्लिखित विचारण क्षेत्र में आये आरक्षित संवर्ग के व्यक्तियों से की जा सकेगी। समिति, उक्त विचारण क्षेत्र से प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्यमान तथा 1 वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए विचार करेगी।

(4) उप–नियम (2) के अधीन प्रत्याशित रिक्तियों के अतिरिक्त उपरोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25 प्रतिशत तक, जो भी अधिक हो, उनके नाम सम्मिलित करने के प्रयोजन से प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अपेक्षित संख्या में लोक सेवकों के नाम पर विचार किया जायेगा।

(5) पदोन्नति, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी आदेश के अनुसार तथा मॉडल रोस्टर के अनुसार की जायेगी।

15. उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना.–

(1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपर्युक्त नियम 14 में विहित शर्तो को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त समझा गया हो। यह सूची, सूची के तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी। इसके अतिरिक्त, उक्त कालावधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, एक आरक्षित सूची तैयार की जायेगी, जिसमें प्रत्येक प्रवर्ग से एक एवं न्यूनतम 25% तक नाम सम्मिलित होंगे।

(2) उपयुक्त कर्मचारियों की सूची, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की जायेगी।

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के अनुसार चयन सूची तैयार किये जाने के समय, सूची में सम्मिलित कर्मचारियों के नाम, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे।

स्पष्टीकरण– ऐसा व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया हो, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर, जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, वरिष्ठता का कोई दावा नहीं होगा।

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची, प्रति वर्ष पुनरीक्षित एवं पुनर्विलोकित की जायेगी।

(5) सेवा के प्रत्येक संवर्ग के लिये पृथक सूची तैयार की जायेगी।

(6) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रक्रिया में, सेवा के किसी सदस्य, यथास्थिति, का अवक्रमण किया जाना प्रस्तावित हो, तो समिति, प्रस्तावित अवक्रमण के लिये अपने कारणों को लेखबद्ध करेगी।

16. चयन सूची.—

(1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त हुए दस्तावेजों के साथ—साथ उसके द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा, यदि वह महसूस करता हो कि इसमें कोई परिवर्तन करना आवश्यक नहीं है, तो वह सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे, तो वह, आवश्यक संशोधनों सहित, यदि कोई हो, जो उसे न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हो, सूची को अनुमोदित करेगा।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित चयन सूची, अनुसूची—चार के कॉलम (2) में उल्लिखित पदों से उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में यथा उल्लिखित पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए अनुमोदित चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची सामान्यतः तब तक वैध रहेगी जब तक कि नियम 15 के उप—नियम (4) के अनुसार पुनर्विलोकित या पुनरीक्षित नहीं की जाती किन्तु इसकी वैधता, इसके तैयार किये जाने की तारीख से 18 माह की कुल अवधि के बाद किसी भी दशा में नही बढ़ायी जायेगी :

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्य के निर्वहन में गंभीर चूक होने की स्थिति में, नियुक्ति प्राधिकारी के अनुरोध पर, चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और समिति, यदि वह उचित समझे, तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा।

17. चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.—

(1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारी की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्ति में उसी क्रम का अनुपालन किया जायेगा, जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों के नाम चयन सूची में आये हों।

